भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Saturday, 13 October 2018

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा रायपुर, छत्तीसगढ़ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

पिछले साढ़े चार सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की जनता को आज हर क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन का अनुभव हो रहा है। मोदी सरकार संविधान के लोक-कल्याणकारी सरकार की स्थापना के उद्देश्य में पूर्णतः सफल रही है

****

हम आजादी के 70 साल बाद भी संविधान के लक्ष्यों से दूर इसलिए रह गए क्योंकि हम 55 साल तक कांग्रेस पार्टी के चंगुल में फंसे रहे जिसने एक परिवार की भलाई के लिए देश के विकास को अनदेखा किया

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सोचने के स्केल को ऊपर उठाने का अभूतपूर्व प्रयास किया है

****

श्री रमण सिंह सरकार ने 15 सालों में सबसे बड़ा काम नक्सलवाद की समस्या को ख़त्म करने का किया है। मैं इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से श्री रमण सिंह जी को बधाई देता हूँ कि उन्होंने कठोर कार्रवाई कर नक्सलवादियों को प्रदेश छोड़ने पर मजबूर कर दिया

****

क्या फर्जी सीडी के सहारे महिलाओं का अपमान करने वाले लोगों के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रही है? राज्य की मातृशक्ति इस बार के विधान सभा चुनावों में महिलओं का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी को करारा सबक सिखाएगी

****

कांग्रेस के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ का बजट केवल 9,270 करोड़ रुपये था जबकि रमण सिंह सरकार ने राज्य का बजट लगभग10 गुना बढ़ा कर 94,775 करोड़ रुपये किया है

****

कांग्रेस शासन के समय राज्य की प्रति व्यक्ति आय जहां केवल 13 हजार रुपये था, वहीं आज यह बढ़ कर लगभग 92 हजार रुपये हो गई है

****

ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है जिसमें भारतीय जनता पार्टी सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ ने कांग्रेस सरकार की तुलना में कई गुना की वृद्धि न की हो

****

पहले योजनायें बनती थी कि इतने लोगों को गैस, घर और बिजली देनी है जबकि मोदी सरकार का लक्ष्य है कि हर घर में बिजली हो, गैस सिलिंडर हो, शौचालय हो, हर गरीब के पास अपनी छत हो, हर गाँव में पक्की सड़कें हो और शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाएं हो

****

पहले कांग्रेस पार्टी सरकार चलाने के लिए सत्ता में आती थी, आज भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारें देश बदलने और जनता की सेवा के संकल्प के साथ सत्ता में आती है। भारतीय जनता पार्टी ने सरकार में आने के उद्देश्य को बदलने का कार्य किया है

****

मोदी सरकार ने लोगों को अच्छे लगने वाले फैसले की जगह ऐसे फैसले लिए जो लोगों के लिए अच्छे हैं

****

केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति की जगह पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉरमेंस के राजनीति की शुरुआत की और सभी पॉलिटिकल डिबेट को विकास के मुद्दे से जोड़ा

****

पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉरमेंस की नीति के कारण आज भारत विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के साथ-साथविश्व की छठी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित है। बहुत जल्द ही हम पांचवें स्थान पर आने वाले हैं

****

मोदी सरकार ने चार सालों में बिना किसी द्वंद्व में फंसे यह सिद्ध कर दिया है कि एक साथ किसानों और उद्योगों का विकास भी हो सकता है, साथ-साथ गाँवों और शहरों का भी कायाकल्प किया जा सकता है तथा रिफॉर्म्स एवं जन-कल्याण के कार्य भी एक साथ बखूबी अंजाम दिए जा सकते हैं

****

आज देश में मौजूद लगभग 1650 छोटी-बड़ी पार्टियों में से केवल भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके अंदर आतंरिक लोकतंत्र बचा हुआ है। जिस पार्टी में आतंरिक लोकतंत्र नहीं है, वह देश का भला नहीं कर सकती, देश के लोकतंत्र नहीं रक्षा नहीं कर सकती

****

कांग्रेस में सोनिया गाँधी के बाद अगला अध्यक्ष कौन बनने वाला था, यह सबको पहले से पता था लेकिन भाजपा का अगला लक्ष्य कौन होगा, यह किसी को मालूम नहीं है, इसका कारण यह है कि भाजपा में अध्यक्ष किसी परिवार में जन्म लेने के आधार पर नहीं, बल्कि कृतित्व और प्रतिभा के आधार पर बनते हैं

****

13वें वित्त आयोग में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महज 48,088 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी जबकि14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने राज्य के विकास के लिए
लगभग 1,37,927 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो यूपीए सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज मेडिकल कॉलेज सभागार, रायपुर में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया और उन बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की कि आखिर क्यों छत्तीसगढ़ में पुनः भारतीय जनता पार्टी की श्री रमण सिंह सरकार की आवश्यकता है।

श्री शाह ने कहा कि भारतवर्ष का संविधान सर्वोत्तम संविधान है जिसका उद्देश्य लोक-कल्याणकारी सरकार की स्थापना है। उन्होंने कहा कि हमने बहुदलीय संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली को देश के संचालन का आधार माना और आजादी से लेकर आज तक हमने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि **1975 में इंदिरा गाँधी जी के कालखंड में लोकतंत्र पर कुठाराघात करने की कोशिश की गई लेकिन हमारे लोकतंत्र की जड़ें कमजोर करने की कांग्रेस की हर साजिश नाकाम गई।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले देश की स्थिति को याद कीजिये जब देश में कांग्रेस-नीत यूपीए की अनिर्णायक एवं अपारदर्शी सरकार थी, देश के युवाओं में गुस्सा और आक्रोश था, महिलायें अपने-आप को असुरक्षित महसूस कर रही थी, आये दिन हमारी सीमाओं का अतिक्रमण होता रहता था, सेनाओं का अपमान होता था, हमारे प्रधानमंत्री विदेशी दौरों पर देश का पक्ष रखने जब जाते थे तो कहीं चर्चा भी नहीं होती थी, देश की अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता थी, अर्थव्यवस्था के सारे मापदंड नीचे चले थे, नीतिगत फैसले नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति थी और लोगों को भारत का भविष्य दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसी विकट परिस्थिति में देश की जनता ने देश के बेहतर भविष्य के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अपनी आस्था व्यक्ति करते हुए उनके हाथों में देश की बागडोर सौंपने का काम किया। **आज पिछले साढ़े चार सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की जनता को हर क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन का अनुभव हो रहा है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार संविधान के लोक-कल्याणकारी सरकार की स्थापना के उद्देश्य में पूर्णतः सफल रही है।** उन्होंने कहा कि कहा कि **हम आजादी के 70 साल बाद भी संविधान के लक्ष्यों से दूर इसलिए रह गए क्योंकि हम 55 साल तक एक ऐसी पार्टी के चंगुल में फंसे रहे जिसने एक परिवार की भलाई के लिए देश के विकास को अनदेखा किया।**

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी के साढ़े चार सालों के दौरान देश में हुए बदलावों को चार महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर समझने की जरूरत है।

पहला: राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सोचने के स्केल को ऊपर उठाने का अभूतपूर्व प्रयास किया है।** उन्होंने कहा कि **पहले योजनायें बनती थी कि इतने लोगों को गैस देना, घर देना है, इतने गाँवों में बिजली पहुंचानी है जबकि मोदी सरकार का लक्ष्य है कि हर घर में बिजली हो, गैस सिलिंडर हो, शौचालय हो, हर गरीब के पास अपनी छत हो, हर गाँव में पक्की सड़कें हो और शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधाएं हो।**

दूसरा: श्री शाह ने कहा कि **पहले कांग्रेस पार्टी सरकार चलाने के लिए सत्ता में आती थी, आज देश बदलने और जनता की सेवा के संकल्प के साथ मोदी सरकार काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने सरकार में आने के उद्देश्य को बदलने का कार्य किया है।**उन्होंने कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं का उद्धरण देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार सालों में 31 करोड़ से अधिक लोगों के जन-धन खाते खोले, साढ़े 5 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर दिए, साढ़े सात करोड़ से अधिक करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया, दो करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई, 18 करोड़ छोटे गरीब बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया एवं दो करोड़ घरों का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि हमने आजादी के 70 सालों तक किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देशवासियों के स्वास्थ्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए 'आयुष्मान भारत' योजना लेकर आये हैं जिसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को अर्थात् 50 करोड़ से अधिक लोगों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की मुफ्त बीमा प्रदान की जा रही है।

तीसरा: भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **मोदी सरकार ने लोगों को अच्छे लगने वाले फैसले की जगह ऐसे फैसले लिए जो लोगों के लिए अच्छे हैं।** उन्होंने कहा कि **केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति की जगह पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉरमेंस के राजनीति की शुरुआत की और सभी पॉलिटिकल डिबेट को विकास के मुद्दे से जोड़ा।** उन्होंने कहा कि **पॉलिटिक्सऑफ़ परफॉरमेंस की नीति के कारण आज भारत विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के साथ-साथ विश्व की छठी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित है। बहुत जल्द ही हम पांचवें स्थान पर आने वाले हैं।**

चौथा: श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने केंद्र सरकार को कई प्रकार के अंतर्द्वंदों से भी बाहर निकालने का काम किया है।** उन्होंने कहा कि 70 साल के इतिहास में जितनी भी सरकारें आई, वह कई तरह के द्वंद्वों में फंसी रहती थी कि सरकार किसानों का विकास करेगी या उद्योगों को बढ़ावा देगी, गाँवों का विकास करेगी या शहरों का विकास करेगी, रिफॉर्म्स पर ध्यान देगी या लोक-कल्याण राज्य की स्थापना के लिए काम करेगी, विदेश नीति को तवज्जो देगी या रक्षा नीति को, सरकार को ब्यूरोक्रेट्स चलाएंगे या फिर जन-प्रतिनिधि। लेकिन **मोदी सरकार ने चार सालों में बिना किसी द्वंद्व में फंसे यह सिद्ध कर दिया है कि एक साथ किसानों का भी विकास हो सकता है तो उद्योगों का भी, साथ-साथ गाँवों का कायाकल्प भी किया जा सकता है और शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी डेवलप किया जा सकता है, रिफॉर्म्स भी हो सकते हैं और जन-कल्याण के कार्य भी बखूबी अंजाम दिए जा सकते हैं, साथ ही विदेश नीति और रक्षा नीति पर समान रूप से काम किया जा सकता है।** उन्होंने कहा कि आज ब्यूरोक्रेट्स और जनता द्वारा चुने हुए जन-प्रतिनिधियों के काम को लेकर भी कोई द्वंद्व नहीं है क्योंकि मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि योजनायें व नीतियाँ बनाना और इनकी मॉनिटरिंग जन-प्रतिनिधि करेंगे तो योजनाओं का इंप्लीमेंटेशन।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी सभी पार्टियों से अलग है क्योंकि आज देश में मौजूद लगभग 1650 छोटी-बड़ी पार्टियों में से केवल भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके अंदर आतंरिक लोकतंत्र बचा हुआ है।** उन्होंने जोर देते हुए कहा कि **यदिपार्टी के अंदर ही लोकतंत्र नहीं है तो वह देश का भला नहीं कर सकती, देश के लोकतंत्र नहीं रक्षा नहीं कर सकती**। उन्होंने कहा कि देश की अधिकतर पार्टियों में सबको पता है कि उसका अगला अध्यक्ष कौन होगा। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस का सोनिया गाँधी के बाद अगला अध्यक्ष कौन बनने वाला था, यह सबको वर्षों पहले से पता था लेकिन भारतीय जनता पार्टी का अगला लक्ष्य कौन होगा, यह किसी को मालूम नहीं है, इसका कारण यह है कि भाजपा में अध्यक्ष किसी परिवार में जन्म लेने के आधार पर नहीं, बल्कि अपने कृतित्व और प्रतिभा के आधार पर बनते हैं।** भारतीय जनता पार्टी में नेता अपनी निष्ठा, देश के लिए काम करने की लगन, परिश्रम, मेधा और परफॉरमेंस के आधार पर बनते हैं, यही कारण है कि यहाँ एक बूथ कार्यकर्ता भी पार्टी का अध्यक्ष बन सकता है और एक गरीब का बेटा व पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता भी देश का प्रधानमंत्री।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ का बजट केवल 9,270 करोड़ रुपये था जबकि रमण सिंह सरकार ने राज्य का बजट लगभग 10 गुना बढ़ा कर 94,775 करोड़ रुपये किया है।** कांग्रेस के समय राज्य की जीएसडीपी लगभग 38,000 करोड़ रुपये थी जबकि वर्तमान में यह बढ़ कर लगभग 2,91,000 करोड़ रुपये हो गई है। **कांग्रेस शासन के समय राज्य की प्रति व्यक्ति आय जहां केवल 13 हजार रुपये था, वहीं आज यह बढ़ कर लगभग 92 हजार रुपये हो गई है। कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ में केवल 4,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता था जबकि आज राज्य में 22,000 मेगावाट से अधिक विद्युत् उत्पादन हो रहा है।** खाद्यान्न और फलों के उत्पादन में भी काफी वृद्धि हुई है। मत्स्य उत्पादन 1 लाख टन से बढ़ कर 3।75 लाख टन हो गया है। उन्होंने कहा कि **ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है जिसमें भारतीय जनता पार्टी सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ ने कांग्रेस सरकार की तुलना में कई गुना की वृद्धि न की हो।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय धान की खरीदी 5 लाख मीट्रिक टन होती थी, आज 70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य से भी 200 रुपये अधिक की कीमत हो रही है। एक रुपये किलो चावल गरीबों में बांटा जा रहा है। गाँवों को जोड़ने वाली पक्की सड़के

1000 किमी से बढ़ कर 22750 किमी हो गई है, स्कूलों की संख्या 21 हजार से बढ़ कर 60 हजार हो गई है, ड्रॉप आउट रेशियो 21% से घट कर 1% के न्यूनतम स्तर पर आ गया है, मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2 से बढ़ कर 10 हो गई है, इंजीनियरिंग कॉलेज 14 से बढ़ कर 50 तक पहुँच गए हैं तथा शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **13वें वित्त आयोग में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए महज 48,088 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने राज्य के विकास के लिए लगभग 1,37,927 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है जो यूपीए सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक है।** इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को अलग से लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की राशि दी गई है। खदानों से होने वाली आय से भी छत्तीसगढ़ के 1,15,000 करोड़ रुपये अलग से मिले हैं।

श्री शाह ने कहा कि **श्री रमण सिंह सरकार ने 15 सालों में सबसे बड़ा काम नक्सलवाद की समस्या को ख़त्म करने का किया है, आजछत्तीसगढ़ से नक्सलवाद की समस्या लगभग-लगभग ख़त्म हो गई है। मैं इसके लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से श्री रमण सिंह जी को बधाई देता हूँ कि उन्होंने कठोर कार्रवाई कर नक्सलवादियों को प्रदेश छोड़ने पर मजबूर कर दिया।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **देश में यूपीए सरकार के 10 वर्षों के दौरान कांग्रेस ने लगातार छत्तीसगढ़ की अनदेखी की, यहाँ तक कि श्री रमण सिंह जी को विकास कार्यों में सहयोग भी नहीं किया लेकिन अब केंद्र में मोदी सरकार के आ जाने से छत्तीसगढ़ का विकास डबल इंजन की गति से आगे बढ़ रहा है।** उन्होंने कहा कि **क्या फर्जी सीडी के सहारे महिलाओं का अपमान करने वाले लोगों के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने जा रही है?** उन्होंने कहा कि **राज्य की मातृशक्ति इस बार के विधान सभा चुनावों में महिलओं का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी को करारा सबक सिखाएगी।**

बुद्धिजीवियों से अपील करते हुए श्री शाह ने कहा कि लोकतंत्र में दिशा-विहीन होकर मतदान करना घातक सिद्ध हो सकता है इसलिए आप जनता को जागरूक करें और छत्तीसगढ़ को समृद्ध राज्य बनाने के लिए एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी की रमण सिंह सरकार का गठन सुनिश्चित करें।